तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार मरीजों की...


16 राहवीर योजना, महिला सुरक्षा, अभिव्यक्ति...





2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## आदिवासी परंपराओं के संरक्षण के लिए ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित

*आदिवासी धार्मिक परंपराओं, सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक आस्था के संरक्षण को लेकर क्षेत्र के ग्राम विक्रमगंज में आयोजित संयुक्त विशेष ग्रामसभा में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। ग्रामसभा के निर्णय के आधार पर ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपकर प्रशासन से आदिवासी परंपराएं छोड़कर अन्य धर्म अपनाने वाले लोगों के संबंध में आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई करने की मांग की है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

जानकारी के अनुसार 1 जुलाई को ग्राम विक्रमगंज में आयोजित संयुक्त विशेष ग्रामसभा में ग्राम पंचायत बांसला, घोटिया, जातावाड़ा और सोनेकन्हार के सरपंच, गायता, पटेल तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में आदिवासी संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और रीति-रिवाजों के संरक्षण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि क्षेत्र में कुछ ऐसे लोग, जिन्होंने अन्य धर्म अपना लिया है, वे अब भी आदिवासी धार्मिक स्थलों जैसे ठाकुर देव, दाई, डिंगिरदाई माता तथा अन्य पारंपरिक देवस्थानों पर पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजनों में शामिल हो रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यह धार्मिक स्थल आदिवासी आस्था और परंपरा से जुड़े हैं तथा यहां पूजा-अर्चना आदिवासी धार्मिक मान्यताओं का पालन करने वाले लोगों द्वारा ही की जानी चाहिए। उनका दावा है कि इस स्थिति से पारंपरिक धार्मिक मान्यताओं और सांस्कृतिक मूल्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### प्रशासन से सहयोग की मांग, विक्रमगंज की संयुक्त विशेष ग्रामसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, प्रशासनिक निर्णय का इंतजार



#### अन्यथा कार्रवाई के लिए होंगे बाध्य

*ग्रामसभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए ऐसे लोगों से गांव छोड़कर अन्य स्थान पर निवास करने की बात कही है। साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीण आगे की कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से आदिवासी संस्कृति और धार्मिक परंपराओं की रक्षा के लिए विधिसम्मत एवं आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। ज्ञापन की प्रतिलिपि तहसीलदार, एसडीओपी तथा थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर को भी भेजा गया है।*

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने शराब पकड़ी व कोचियो पर की कार्रवाई

**कांकेर।** जिले में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना कांकेर पुलिस ने घोटिया निवासी रोहित हिमाची के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन व 7 पौवा अंग्रेजी शराब, कुल लगभग 3 हजार रुपये मूल्य की शराब जब्त की। कोरर पुलिस ने संतुराम से 7 लीटर, भानुप्रतापपुर पुलिस ने अवधराम गोटा से 3 लीटर तथा अंतागढ़ पुलिस ने सुनील जैन से 10 लीटर महुआ शराब बरामद की। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई।

### मासूम की मौत पर मर्ग कायम



**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 102 के मासूम बच्चे की 30 जून को मौत हो गई। सीएचसी बांदे से अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक 5 वर्षीय मोहन वल्लभ पिता अनिमेश को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नकटी मामले में निष्पक्ष जांच की मांग

**दुर्गुकोंदल।** रायपुर के नकटी गांव में शासन-प्रशासन की कार्रवाई को लेकर विधायक



सावित्री मनोज मंडावी ने निष्पक्ष जांच और संवेदनशील कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि कानून का पालन जरूरी है, लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई में आम नागरिकों के अधिकार, सम्मान और न्याय की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने प्रभावित परिवारों को राहत देने, ग्रामीणों से संवाद स्थापित करने तथा तथ्यों के आधार पर पारदर्शी और न्यायपूर्ण निर्णय लेने का आग्रह करते हुए कहा कि वे क्षेत्रवासियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं।

## निकाय चुनाव के बाद सम्मान की उम्मीद लगाए बैठे नेता निराश

# एल्डरमैन नियुक्ति से दावेदारों को लगा झटका, भाजपा में सियासी हलचल तेज

*नगरीय निकाय चुनाव के लगभग सवा साल बाद भारतीय जनता पार्टी के भीतर एल्डरमैन नियुक्ति को लेकर लंबे समय से चल रही अटकलों पर भले ही विराम लग गया हो, लेकिन घोषित नामों ने संगठन के अंदर नई राजनीतिक चर्चाओं को जन्म दे दिया है। पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि निकाय चुनाव में टिकट से वंचित रहे नेताओं अथवा वर्षों से मंडल स्तर पर संगठन को मजबूत करने वाले कार्यकर्ताओं को इस बार अवसर मिलेगा। हालांकि नियुक्तियों के बाद कई दावेदारों की उम्मीदें टूट गई हैं, जिससे संगठन के भीतर असंतोष की चर्चाएं तेज हो गई हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

फालोअप

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि निकाय चुनाव के दौरान टिकट नहीं मिलने के बावजूद पार्टी के लिए सक्रिय रूप से काम करने वाले कई नेताओं को विश्वास था कि संगठन उनके योगदान को देखते हुए एल्डरमैन के रूप में जिम्मेदारी देगा। इसके अलावा ऐसे कार्यकर्ता भी आशान्वित थे, जिन्होंने वर्षों तक मंडल, बूथ और विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन किया है। उन्हें उम्मीद थी कि इस बार संगठन उनके समर्पण और निष्ठा का सम्मान करेगा, लेकिन घोषित सूची ने कई पुराने कार्यकर्ताओं और संभावित दावेदारों को निराश कर दिया।

पार्टी के भीतर अब यह चर्चा है कि जिन लोगों ने लंबे समय तक संगठन के लिए कार्य किया, उन्हें अपेक्षित महत्व नहीं मिल पाया। राजनीतिक गलियारों में यह भी कहा जा रहा है कि नियुक्तियों को लेकर संगठन के अंदर अलग-अलग स्तर पर असंतोष दिखाई दे रहा है, हालांकि अब तक किसी नेता ने सार्वजनिक रूप से खुलकर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### टिकट से वंचित नेताओं और वर्षों से संगठन में सक्रिय कार्यकर्ताओं को नहीं मिला मौका

*मंडल स्तर पर कई वर्षों तक सक्रिय रहे कार्यकर्ताओं की उम्मीद टूटी*


निष्क्रिय लोगों के नाम प्रस्तावित होने की चर्चाओं से संगठन में बढ़ सकती है नाराजगी

एल्डरमेन घोषणा पूर्व सियासी टेम्प्रेचर हाई, गोंटीबाजी और दावों की चर्चा तेज

#### प्रबल दावेदारों में शामिल नेता

*प्रबल दावेदार वाले भाजपाईयों के नाम जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा थी, उनमें राकेश शर्मा, नीलू तिवारी, संजय सिन्हा, जयंत अटभैया, दीपक खटवानी, गिरधर यादव, नारायण चंदेल, विजय लखवानी, अंशु शुक्ला, ईश्वर नाग एवं अन्य भी दावेदार थे। इन दावेदारो में किसी को मौका नहीं मिल पाया, जबकि विधानसभा, लोकसभा, नगरीय निकाय में बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी।*

#### कांकेर संगठन के भेजे 11 नाम की चर्चा

*राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा है कि भाजपा संगठन कांकेर के द्वारा रामप्यारी साहू, अंजू नेगी, रमशीला साहू, जितेंद्र सिन्हा, गिरधर यादव, जय प्रकाश गेड़ाम, नारायण चंदेल, राकेश यादव, प्रशात लक्की ठाकुर, मीना उके, विजय लखवानी का नाम प्रस्तावित किया गया था। इस प्रस्तावित सूची में चार को मौका दिया गया, वहीं एक का नाम सूची से बाहर से जोड़ा गया।*

#### कांकेर जिला में नियुक्त किए गए एल्डरमेन

*नगरीय निकाय विभाग के द्वारा जारी सूची के तहत कांकेर नगरपालिका में रामप्यारी साहू, अंजू नेगी, जितेंद्र सिन्हा, जयप्रकाश गेड़ाम, मनोज ध्रुव को, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में भानुप्रतापपुर संगीता टांडिया, हेमप्रकाश शिवहरे, युगल किशोर शर्मा, नगर पंचायत चारामा में जागेश्वर सिन्हा, परमेश्वर यादव, उर्मा शर्मा, नगर पंचायत अंतागढ़ में प्रेमलाल पटेल, गौतम शर्मा, कुमारी साहू और नगर पंचायत पखांजुर मेंरामेश नाग, तपन सिकदार, मनीषा ढाली को बनाया गया।*

## बिजली डिमांड नोट का दिया झांसा महिला से 93 हजार की साइबर ठगी

### बिजली विभाग का कर्मचारी बनकर भेजी एपीके फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

साइबर ठग लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। इस बार ठगों ने बिजली विभाग का कर्मचारी बनकर नए बिजली कनेक्शन के नाम पर मात्र 13 रुपये का डिमांड नोट जमा कराने का झांसा दिया और एपीके फाइल भेजकर एक महिला का मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद महिला के बैंक खाते से 93 हजार रुपये विभिन्न ऑनलाइन ट्रांजेक्शनों के माध्यम से निकाल लिए गए। पीड़िता ने साइबर हेल्पलाइन 1930, थाना कांकेर और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस के अनुसार शिव मंदिर चौक सिविल लाइन रोड पंडरीपानी निवासी चन्दना नाग ने शिकायत में बताया कि 24 मार्च की शाम उनके भतीजे अनुराग सिंह भेड़िया ने रायपुर के भाटागांव स्थित नए मकान के लिए बिजली कनेक्शन का आवेदन किया था। इसी दौरान उनके मोबाइल पर स्वयं को विद्युत विभाग का कर्मचारी बताने वाले व्यक्ति का फोन आया। उसने बताया कि बिजली कनेक्शन जारी करने से पहले 13 रुपये का डिमांड नोट ऑनलाइन जमा करना होगा। इसके लिए उसने 'मोर बिजली' के नाम से एक लिंक और एपीके फाइल भेजी। अनुराग ने अपने मोबाइल से भुगतान करने का प्रयास किया, लेकिन भुगतान नहीं हो सका। इसके बाद उन्होंने वही एपीके फाइल अपनी बुआ शिकायतकर्ता को भेज दी। शिकायतकर्ता ने अपने मोबाइल में फाइल खोलकर 13 रुपये का भुगतान कर दिया। भुगतान के बाद भी कॉल करने वाला व्यक्ति बार-बार राशि प्राप्त नहीं होने की बात कहकर मोबाइल चालू रखने के लिए कहता रहा।

#### मोबाइल हैक कर की ऑनलाइन ठगी



*इस बीच अनुराग को संदेह हुआ और उन्होंने सीधे विद्युत विभाग से संपर्क किया, जहां से स्पष्ट किया गया कि विभाग की ओर से कोई कॉल नहीं किया गया था और न ही 13 रुपये का कोई डिमांड नोट मांगा गया था। परिवार ने तुरंत मोबाइल बंद कर बैंक खाते की जांच की, लेकिन तब तक चन्दना नाग के खाते से 93 हजार रुपये ऑनलाइन निकाल लिए गए थे। घटना के एक घंटे के भीतर पीड़िता ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा कांकेर पहुंचकर खाते को होल्ड कराने का आवेदन भी दिया। अगले दिन मोबाइल चालू करने पर पता चला कि फोन किसी अन्य नंबर पर कॉल फॉरवर्ड किया गया था। पीड़िता की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने संबंधित आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) एवं 319 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।*

## नकटी की बेदखली कार्रवाई पर कांग्रेस बिफरी व किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

नकटी गांव में हुई कथित बुलडोजर कार्रवाई को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोयलीबेड़ा ने गुरूवार को अटल चौक में विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्रवाई को गरीब एवं आदिवासी परिवारों के साथ अन्याय बताया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि बारिश के शुरुआती दौर में गरीब परिवारों के मकान तोड़ने की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। उनका आरोप है कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में प्रभावित परिवारों की स्थिति अत्यंत दयनीय दिखाई दे रही है, जिससे सरकार की संवेदनहीनता उजागर



होती है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद रायपुर, दुर्ग, भिलाई सहित कई शहरों में अतिक्रमण हटाने के नाम पर छोटे-छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई की गई और अब वर्षों से निवास कर रहे गरीब परिवारों को भी बेदखल किया जा रहा है। उनका कहना है कि 40 से 50 वर्षों से काबिज परिवारों को बिना मानवीय दृष्टिकोण अपनाए हटाना उचित नहीं है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार और प्रशासन को कानून के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं का भी ध्यान रखना चाहिए।

▶▶| शेष पेज 16 पर

### बाइक की ठोकर से बुजुर्ग घायल उपचार के बाद की शिकायत

**कांकेर।** शहर कांकेर में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला अन्नपूर्णापारा क्षेत्र का है, जहां तेज गति से आ रही एक मोटरसाइकिल ने सड़क पर टहल रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में उपचार के बाद स्वास्थ्य में सुधार होने पर उन्होंने कांकेर थाना पहुंचकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अन्नपूर्णापारा निवासी प्रकाश यादव ने बताया कि 25 जून की शाम करीब सवा सात बजे वह रोजाना की तरह टहलने के लिए घर से निकले थे। बाईपास रोड स्थित एफसीआई गोदाम के पास वे अपनी ओर से पैदल जा रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एई 0135 का चालक श्रीराम नगर निवासी राजेश विश्वकर्मा तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए आया और उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

▶▶| शेष पेज 16 पर

## मुक्का व डंडे से पिटाई की, तीन आरोपियों पर मामला दर्ज

## तालाब में मछली बीज डालने पर हुई मारपीट, मां-बेटी जख्मी, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

तालाब में मछली बीज डालने के अधिकार को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। पखांजुर थाना क्षेत्र के ग्राम पीवी-42 विद्यानगर में हुई इस घटना में एक महिला और उसकी बेटी के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पीवी 42 विद्यानगर निवासी 35 वर्षीय रेखा अधिकारी पति स्व. देवाशिष अधिकारी ने थाना पखांजुर में दर्ज शिकायत में बताया कि उनका परिवार



और उनके जेठ का परिवार अलग-अलग निवास करता है। 1 जुलाई की सुबह लगभग 9 बजे उनकी बेटी दिशा अधिकारी और बेटा दीपंकर अधिकारी खेत स्थित तालाब में मछली बीज छोड़ने के उद्देश्य से गए थे। इसी दौरान तालाब में मछली छोड़ने के अधिकार को लेकर उनकी बेटी की बातचीत उनके जेठ नृपेन अधिकारी से हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। शिकायत के अनुसार नृपेन अधिकारी, सिखा अधिकारी और असीत अधिकारी ने पहले उनके बच्चों के साथ गाली-गलौज की और फिर उनकी बेटी के साथ मारपीट शुरू कर दी। बच्चों की आवाज सुनकर जब शिकायतकर्ता मौके पर पहुंचीं तो आरोप है कि तीनों ने उनके साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जान से मारने की धमकी दी तथा हाथ, मुक्कों और डंडे से मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। घटना के बाद पीड़िता ने थाना पखांजुर पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी नृपेन अधिकारी, सिखा अधिकारी और असीत अधिकारी सभी निवासी ग्राम पीवी42 विद्यानगर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115 (2), 351 (2) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

## रेत के अवैध उत्खनन को रोकने आसमान से माफियाओं पर नजर

# खदानों की ड्रोन तकनीक से निगरानी 9 वाहन जब्त, माफियाओं में मचा हड़कंप

*कांकेर जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण करने वाले माफियाओं के खिलाफ जिला प्रशासन ने हाईटेक युद्ध छेड़ दिया है। खनिज विभाग ने अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल करते हुए नदियों और संवेदनशील क्षेत्रों में औचक हवाई निगरानी शुरू की है। इस हाईटेक कार्रवाई के तहत विभाग ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अवैध परिवहन में संलिप्त 1 ट्रैक्टर और 8 अन्य वाहनों सहित कुल 9 गाड़ियों को जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खनिज विभाग द्वारा 1 जुलाई बुधवार की रात के दौरान चारामा से लेकर कांकेर क्षेत्र के बीच बहने वाली नदियों में ड्रोन कैमरों के माध्यम से औचक निगरानी रखी गई। इस दौरान मचांदुर, मुड़पार, भिलाई, तेलगुड़ा, नगर पंचायत चारामा, जैसाकर्रा, भिरौद, करप, सराधुनवागांव, हाराडुला, खरथा, बांडाटोला, भुईगांव, किलेपार, टाहकापार, अरौद, तारसगांव, नारा, भीरावाही, माकड़ी, माटवाड़ा, मुड़डोंगरी, कोकपुर और देवरी जैसे विस्तृत इलाकों का व्यापक हवाई सर्वे

▶▶| शेष पेज 16 पर

### वर्षा ऋतु में रेत आपूर्ति के लिए 16 अस्थायी केंद्र स्वीकृत



#### 22 दिनों में 28 प्रकरण दर्ज

*आंकड़ों के मुताबिक पिछले कुछ ही दिनों में 10 जून 2026 से अब तक अवैध परिवहन के कुल 28 प्रकरण दर्ज कर 5,48,288 रुपये तथा अवैध भंडारण के कुल 03 प्रकरण दर्ज कर 2,87,800 रुपये का भारी-भरकम अर्थदण्ड वसूला जा चुका है।*

#### लाखों का जुर्माना, सख्त कार्रवाई

*जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के कड़े प्रावधानों के तहत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जिले में गठित टास्क फोर्स दल द्वारा भी लगातार चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है।*

#### जिले में 16 अस्थायी भंडारण केंद्र

*खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान वर्षा ऋतु के मद्देनजर नदियों से रेत का उत्खनन 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इस अवधि में आम जनता को सुचारू और सुगमता पूर्वक रेत उपलब्ध हो सके, इसके लिए जिले में कुल 16 अस्थायी भंडारण अनुज्ञाप्ति स्वीकृत की गई हैं। इनके माध्यम से नागरिकों को उचित और सुगम तरीके से रेत की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, ताकि विकास कार्यों में कोई बाधा न आए और अवैध खनन पर भी लगाम कसी जा सके।*

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

# राहवीर योजना, महिला सुरक्षा, अभिव्यक्ति ऐप और साइबर क्राइम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को शासकीय मेडिकल कॉलेज नंदनमारा कांकेर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेडिकल छात्रों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों, राहवीर योजना, महिला सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर आकाश श्रीश्री माल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर योगेश साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का




संचालन उप पुलिस अधीक्षक डॉ. मेखलेन्द्र प्रताप सिंह, रक्षित निरीक्षक एवं यातायात प्रभारी दीपक साव तथा यातायात पुलिस बल द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को सड़क पर सुरक्षित चलने के तरीके, विभिन्न यातायात संकेतों एवं साइन बोर्ड का महत्व, ट्रैफिक सिग्नल की जानकारी, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीड से होने वाले नुकसान तथा शराब पीकर वाहन चलाने के दुष्परिणामों के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो दिखाकर समझाया गया। साथ ही यातायात नियमों की अनदेखी से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और उनसे बचाव के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम में राहवीर योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिक को शासन द्वारा 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य दुर्घटना के बाद एम्बुलेंस या पुलिस का इंतजार करने के बजाय घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। इसके अलावा मेडिकल छात्रों को महिला सुरक्षा, अभिव्यक्ति ऐप तथा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. टीकम ध्रुव सहित लगभग 200 मेडिकल छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप



### मर्रामपानी हाई स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय हाई स्कूल मर्रामपानी में नए शिक्षा सत्र के अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन और उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य गोस्वामी ने की। सरपंच तुलसी राम मतलाम सहित जनप्रतिनिधियों, पालकों और शिक्षकों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन तथा नियमित उपस्थिति पर जोर दिया।

### जेपी इंटरनेशनल स्कूल के कार्यक्रम में चिकित्सकों ने दिया विशेष संदेश

हुआ शानदार आयोजन

हरिभूमि न्यूज. कांकेर। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर जेपी इंटरनेशनल स्कूल में कैरियर ड्रोम एवं हेक्सा माइंड के संयुक्त तत्वाधान में रूबरू नामक एक ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। स्कूल के प्राचार्य रितेश चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों से संवाद का अवसर प्रदान कर उन्हें इस क्षेत्र के महत्व और करियर विकल्पों के प्रति प्रेरित करना था।

आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने क्रमशः अपने अनुभव साझा किए और चिकित्सा पेशे की चुनौतियों, आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय नैतिकता तथा रोगियों के प्रति सहानुभूति जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सफल चिकित्सक बनने के लिए आवश्यक गुणों पर भी मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र विशेष रूप से प्रभावशाली रहा, जहाँ विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का विशेषज्ञों ने सरल, स्पष्ट और प्रेरणादायक उत्तर दिए और साथ ही चिकित्सकीय भ्रांतियों का वैज्ञानिक विश्लेषण विषयक सत्र ने विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन देव्यानी भुजबल ने प्रभावी ढंग से किया, जबकि समन्वयक अलकमरान अली ने आयोजन की योजना तथा क्रियान्वयन में अहम योगदान दिया। हेक्सा माइंड की छात्र टीम ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में डॉ. अनामिका जायसवाल, डॉ. अरविंद मिश्रा, डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. विकास साहू और डॉ. रिजु देसाई उपस्थित रहे। अंत में कक्षा बारहवीं की छात्रा गीतिका साक्षी ने अतिथियों, आयोजन समिति, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति गिदवानी, निदेशक शंकर गिदवानी एवं शैक्षिक सलाहकार गोविंद मुदलियार ने उपस्थित विशेषज्ञों तथा सभी सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए आयोजन की सफलता पर बधाई दी।

### पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव

**धनोरा।** पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा पहली, कक्षा नवमी एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती नंदिनी पोटाई एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग, नोहरू राम मंडावी सरपंच, धनोरा, सवाला के सरपंच, पूर्व सरपंच संतोष उइके, तथा प्रवीण अग्निहोत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्र रमेश्वर उसेंडी ने की। विद्यालय के प्राचार्य श्री के. आर. प्रधान के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और सुविधाओं का किया मूल्यांकन

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार मरीजों की सुविधाओं की जांच की गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धनेलीकन्हार



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार का बुधवार को छत्तीसगढ़ शासन की प्रदेश स्तरीय कायाकल्प मूल्यांकन टीम ने विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण एवं मरीजों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का आकलन कर आवश्यक सुधार के सुझाव देना था।

प्रदेश स्तरीय कायाकल्प टीम के सदस्य डॉ. सीसी. संतोष, डॉ. संगीता पटनवार एवं चांदनी श्रीवास्तव के साथ जिला स्तरीय टीम ने अस्पताल के विभिन्न वार्ड, ओपीडी, लेबर रूम, पैथोलॉजी लैब तथा आपातकालीन सेवाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, साफ-सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, संक्रमण नियंत्रण तथा पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का सूक्ष्म मूल्यांकन किया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशांक गुप्ता ने बताया कि कायाकल्प योजना का मुख्य उद्देश्य सरकारी अस्पतालों में मरीजों को कॉरपोरेट अस्पतालों जैसी स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप अस्पताल की व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही बताया कि मूल्यांकन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली स्वास्थ्य संस्थाओं को राज्य सरकार द्वारा कायाकल्प पुरस्कार एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है, जिसका उपयोग अस्पताल के आधारभूत विकास एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में किया जाता है। इस अवसर पर जिले के आरएमएनसीएचएन इंचार्ज डॉ. विनोद वैध, पीएचएन ओश्रीसी रॉबिन चरण, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशांक गुप्ता, डॉ. विनीता मरकाम, डॉ. आशुतोष गंगराले, डॉ. सी. भेड़िया, डॉ. रोहिणी सिंह, डॉ. राजेश शुक्ला, डॉ. देवेंद्र कुमार, एसबीएटीओ पूरन गावड़े, बीपीएम छबील ध्रुव, एमएस मोहन नेताम, भूपेंद्र उर्वशी, कुलवंत चंद्रोल, गंगेश्वर प्रजापति, खेम नारायण साहू, योगेश सिंह, नारायण ठाकुर, वीरेंद्र भंडारी, तोमर जैन, उषा बालोदिया सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने निरीक्षण एवं मूल्यांकन प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# चारामा में एक ही रात में 4 दुकानों के ताले तोड़कर की लाखों की चोरी

**व्यापारियों में दहशत, गश्त बढ़ाने और सुरक्षा की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

नगर चारामा के हाई स्कूल के सामने स्थित भागवत सिंह ठाकुर के कॉम्प्लेक्स में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने चार दुकानों के ताले तोड़कर नगदी सहित कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। एक ही परिसर में हुई सिलसिलेवार चोरी की घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल है। मामले की शिकायत चारामा थाने में दर्ज कराई गई है।

चोरी की शिकायत करने पहुंचे ग्राम जैसाकर्रा निवासी दिनेश गोस्वामी ने पुलिस को बताया कि उनका सुषमा दिनेश नाश्ता सेंटर नाम से होटल संचालित है। 30 जून की रात करीब 8 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह करीब 5 बजे लौटने पर होटल का शटर आधा खुला और ताला टूटा मिला। अंदर जांच करने पर तीन भरे हुए एचपी गैस सिलेंडर तथा गल्ले में रखी 25 हजार रुपये की नगदी गायब थी। चोरों ने इसी कॉम्प्लेक्स में स्थित अन्य दुकानों को भी निशाना बनाया।



गजेन्द्र ग्लास दुकान से एल्युमिनियम कटर मशीन, ड्रिल मशीन और हैमर मशीन, जिनकी अनुमानित कीमत 15 हजार रुपये बताई गई है, चोरी हो गई। वहीं सुरेश सिन्हा की रंगीन मछली घर दुकान से 15 हजार रुपये नकद तथा प्रहलाद श्रीवास्तव की फोटोकॉपी दुकान से 45 हजार रुपये की नगदी अज्ञात चोर ले उड़े। एक ही रात में चार दुकानों में हुई चोरी से व्यापारियों में भारी आक्रोश है। स्थानीय व्यापारियों ने क्षेत्र में रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाने तथा जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### लक्ष्य से अधिक बच्चों को पिलाई गई खुराक

*दुर्गुकोंदल। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 28 से 30 जून तक आयोजित तीन दिवसीय सघन पल्स पोलियो अभियान का सफलतापूर्वक समापन हुआ। बीएमओ डॉ. मनोज किशोरे एवं बीपीएम देवकुमार शाश्वत ने बताया कि 319 पोलियो बूथों के माध्यम से 5,873 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य था, जबकि 5,999 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घर-घर पहुंचकर भी बच्चों को दवा पिलाई। विभाग ने अभियान में सहयोग देने वाले सभी कर्मचारियों, मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।*

# दुर्गूकोंदल–कोदापाखा मार्ग निर्माण पर सवाल, मिट्टी से शोल्डर फिलिंग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल–कोदापाखा मुख्य मार्ग पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के साइड सोल्डर निर्माण में निर्धारित मानकों की अनदेखी की जा रही है। उनका कहना है कि जहां सोल्डर को मजबूत बनाने के लिए मुरूम का उपयोग किया जाना चाहिए, वहां ठेकेदार द्वारा खेतों से मिट्टी लाकर सड़क किनारे डाली जा रही है, जिससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन प्रभावित हो सकता है।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण का उद्देश्य सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराना है, लेकिन निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किए जाने से भविष्य में दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बरसात शुरू होने के कारण सड़क किनारे डाली गई मिट्टी कीचड़ में बदल सकती है, जिससे विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा रहेगा। वहीं भारी वाहनों के आवागमन से मिट्टी बहने या धंसने की संभावना भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण पर शासन करोड़ों रुपये खर्च करता है, इसलिए कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप होना चाहिए। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन से निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में अनियमितता सामने आती है तो संबंधित ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा सड़क के साइड सोल्डर में मानकों के अनुसार मुरूम का उपयोग सुनिश्चित कराया जाए, ताकि सड़क की गुणवत्ता बनी रहे और भविष्य में संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके।



### चीचगांव में नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तकें व गणवेशों का वितरण

**भानुप्रतापपुर।** संकुल केंद्र चीचगांव अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय माध्यमिक शाला दाबकट्टा के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराते हुए गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाया गया।

अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्य पुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए। साथ ही न्योता भोज का आयोजन कर बच्चों के साथ आत्मीय संवाद किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अनुशासन और शिक्षा के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शासकीय प्राशा गोटापारा दाबकट्टा की प्रधान पाठिका वैशाली गायकवाड तथा शामा शाला दाबकट्टा की प्रधान पाठिका प्रेमलता जोशी सहित समस्त शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ सभी अतिथियों, पालकों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रेमवती उसेंडी थीं। विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत दाबकट्टा की सरपंच सीमा कोरेटी एवं एसएमसी अध्यक्ष तथा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शनि राम कुरती उपस्थित रहे।

# शाला प्रवेशोत्सव में दी बच्चों को साइबर सुरक्षा और यातायात की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोयलीबेड़ा

विकासखंड कोयलीबेड़ा के संकुल चारगांव स्थित हाईस्कूल चारगांव में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत उत्साह और उल्लास के साथ हुई। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का पारंपरिक तिलक-वंदन कर स्वागत किया गया। इस दौरान शिक्षा के प्रति बच्चों में उत्साह बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति और यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत एवं वंदन से हुई। अतिथियों ने बच्चों को मिठाई, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें और गणवेश वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित विद्यार्थियों, पालकों और ग्रामीणों



को नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ भी दिलाई गई। वहीं क्षेत्र में बढ़ते साइबर अपराधों और सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए सिकसोड़ पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों और विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताते हुए किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम पिन, बैंक खाते की जानकारी, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय सूचनाएं साझा नहीं करने की सलाह दी। साथ ही हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों, पालकों, अतिथियों एवं ग्रामीणों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिश्चंद्र देहारी तथा जनपद सदस्य विनोद उसेंडी, विशेष अतिथि एबीओ अशोक टांडिया, महेश देहारी, चंद्रकुमार लांझी, इंदेश मंडावी, महेश साहू, ग्राम गायता विष्णुराम कुलदीप सहित ग्रामवासी, पालकगण एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### डाटा प्रबंधन और संगठनात्मक गतिविधियां होंगी प्रभावी

# भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर में हुआ डिजिटल लर्निंग पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया आज समय की आवश्यकता बन चुकी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा केंद्रीय, प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यमों के उपयोग, डाटा प्रबंधन तथा संगठनात्मक गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिए प्रशिक्षित करना था।



प्रशिक्षण के दौरान भारतीय जनता पार्टी के इतिहास, वर्तमान गतिविधियों, संगठनात्मक कार्यप्रणाली, नरेंद्र मोदी ऐप, सरल ऐप तथा अन्य आंतरिक डिजिटल प्लेटफॉर्म की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यकर्ताओं को बताया गया कि सरल ऐप के माध्यम से डाटा का प्रसंस्करण कर केंद्रीय नेतृत्व तक रियल टाइम जानकारी कैसे पहुंचाई जाए तथा संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों को डिजिटल माध्यम से किस प्रकार संकलित एवं प्रेषित किया जाए। इन सभी विषयों पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। मंडल द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में शक्ति केंद्र प्रभारी, मतदान केंद्र अध्यक्ष, संयोजक, सहसंयोजक, बीएलए-2, व्हाट्सएप प्रमुख, मन की बात कार्यक्रम प्रमुख तथा प्रत्येक मतदान केंद्र से महिला एवं युवा प्रमुखों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण में सहभागिता कर डिजिटल संगठन निर्माण के संकल्प को मजबूत किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला महामंत्री भाजपा राजा पांडे के मुख्य आतिथ्य, महिला मोर्चा बस्तर संभाग प्रभारी रजिंदर रंधावा एवं मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी के विशेष प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, महामंत्री राजीव श्रीवास, जिला आईटी सेल संकेत नशीने, शकुंतला ऊके, मंडल मंत्री जितेंद्र पांडे, कौशल्या उईके, कार्यालय प्रभारी राजेंद्र जैन, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता टांडिया, महामंत्री शकुन्तला यादव, सीता चंद्राकर, उर्मिला जसूजा, सरिता देवांगन, गीता ठाकुर, सरस्वती बिस्वास, लक्ष्मी मंडावी, कुन्ती यदु, रेवती कांगे, बीना चुरेंद्र, जनपद पंचायत सदस्य प्रेमबती उसेंडी एवं अन्य भाजपाईयो ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## पेज 15 के शेष

### नकटी की बेदखली कार्रवाई पर...

*उन्होंने मांग की कि नकटी गांव की कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा प्रभावित परिवारों को न्याय और उचित पुनर्वास उपलब्ध कराया जाए। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

### बाइक की ठोकर से बुजुर्ग घायल...

*टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुजुर्ग सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना में उनके बाएं पैर के घुटने और जांघ, सीने तथा पसलियों में गंभीर चोटें आईं। चिकित्सकीय जांच में उनकी एक पसली की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई। इसके अलावा बाईं आंख के ऊपर, सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद उनके पुत्र मनीष यादव सहित नीरज यादव और सुधीर यादव ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद स्वास्थ्य में कुछ सुधार होने पर गुरुवार 2 जुलाई को कांकेर थाना पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर कांकेर पुलिस ने आरोपी मोटरसाइकिल चालक राजेश विश्वकर्मा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 125(ए) एवं 281 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।*

### खदानों की ड्रोन तकनीक से निगरानी...

*किया गया। ड्रोन सर्विलांस से मिली सटीक इनपुट के आधार पर उड़नदस्ता दल ने तत्काल छापेमारी करते हुए चारामा तहसील से 01 और कांकेर तहसील से 08 ट्रैक्टर को जब्त किया गया। ड्रोन कैमरे की जद में आने वाले चारामा तहसील ग्राम खरथा में न्यू महिन्द्रा ट्रैक्टर वाहन मालिक दुर्गेश पॉल,कांकेर तहसील के ग्राम माटवाड़ा कोकपुर क्षेत्र में कुल 08 वाहन न्यू मेसी मालिक सहदेव उईके, न्यू महिन्द्रा मालिक रूपेश कोर्राम, सीजी 19 बीई 2649 मालिक अमित नेताम, सीजी 17 बीजी 7024 मालिक राकेशवर यादव, न्यू मेसी मालिक समीर उईके, न्यू महिन्द्रा मालिक सलेश कुमार, न्यू महिन्द्रा मालिक हितेश जैन और सीजी 19 बीआर 5154 मालिक सिद्धार्थ साहू के वाहन को जब्त किए गए।*

# 21 साल बाद पीड़िया में फिर गूंजी स्कूल की घंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कभी माओवादी आतंक और हिंसा के कारण वीरान पड़े पीडिया क्षेत्र में अब बच्चों की किलकारियां और स्कूल की घंटियां सुनाई देने लगी हैं। 21 वर्षों तक बंद रहने के बाद

■ आतंक के साए से निकली नई सुबह, 539 बच्चों को मिला शिक्षा का अधिकार

बीजापुर जिले के पीडिया क्षेत्र के 11 स्कूलों का पुनः संचालन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल और कलेक्टर श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रयासों से अब 11 गांवों के 539 बच्चों को अपने ही गांव में शिक्षा का अधिकार मिल रहा है। यह केवल स्कूलों के पुनः खुलने की कहानी नहीं, बल्कि भय से विश्वास और अंधकार से ज्ञान की ओर बढ़ते बस्तर की नई पहचान है।

पीडिया में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने 11 गांवों के शिक्षादूतों को रजिस्टर एवं शिक्षण सामग्री प्रदान की तथा बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन और स्लेट वितरित कर उनका विद्यालय में प्रवेश कराया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, सरपंच




सन्नू अवलम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अतिथियों ने बच्चों का तिलक लगाकर, गुलाल लगाते हुए और लड्डू खिलाकर उनका स्वागत किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि अब पीडिया क्षेत्र विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है और शिक्षा उसकी सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें।

उन्होंने आश्वस्त किया कि विद्यालयों में भवन, पेयजल, बिजली सहित सभी आवश्यक सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएंगी। जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम ने कहा कि पीडिया में बच्चों के कंधों पर स्कूल बैग देखना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और खुशी का क्षण है। यह बदलाव विकास की नई दिशा तय करेगा। जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी ने कहा कि वर्षों बाद गांवों में स्कूलों का फिर से खुलना ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार और जिला प्रशासन बधाई के पात्र हैं। सरपंच सन्नू अवलम ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण शिक्षा के विकास में हरसंभव सहयोग करेंगे। सलवा जुडूम के दौरान माओवादी हिंसा के कारण पीडिया क्षेत्र के कई स्कूल बंद हो गए थे और उनके भवन भी ध्वस्त कर दिए गए थे। अब जिन गांवों में विद्यालयों का पुनः संचालन शुरू हुआ है, उनमें पीडिया, पेदापाल, छोटेगोटोडी, कुएम, मदपाल, अंडरी, इडेनार, डोंडीतुमनार, मिरगानघोटूल, गमपुर और तमोड़ी शामिल हैं। इन गांवों के बच्चों को अब शिक्षा के लिए दूरस्थ क्षेत्रों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने सौंपे अनुकंपा नियुक्ति आदेश



**बीजापुर।** शासकीय सेवकों के सेवाकाल के दौरान दिवंगत हुए शासकीय कर्मचारियों के आश्रित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों के त्वरित एवं संवेदनशील निराकरण के तहत आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा दो आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई। जिला बीजापुर के आदिवासी बहुल क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी विकास विभाग में संचालित कन्या आश्रम इलमिडी, विकासखंड उसूर में कार्यरत दिवंगत चिन्नाबाई चापा के निधन के पश्चात उनके पुत्र रमेश चापा, ग्राम इलमिडी, पोस्ट इलमिडी, जिला बीजापुर को बालक आश्रम पुसबाका में भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई। इसी प्रकार बालक छात्रावास नैमेड, विकासखंड बीजापुर में कार्यरत दिवंगत पलसूराम खलखो के निधन के पश्चात उनकी पुत्री कुमारी मोनिका खलखो, ग्राम दुगोली, पोस्ट नैमेड, जिला बीजापुर को कन्या छात्रावास उसूर में भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई।
कलेक्टर जिला बीजापुर विश्वदीप ने दोनों नियुक्त कर्मचारियों को नियमित भृत्य पद के नियुक्ति आदेश सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।
इस अवसर पर कलेक्टर विश्वदीप ने रमेश चापा एवं कुमारी मोनिका खलखो से आत्मीय चर्चा करते हुए कहा कि वे पूरी लगन, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन करें तथा जनसेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते हुए विभाग की गरिमा को बनाए रखें।

## स्कूल प्रबंधन की लापरवाही के खिलाफ अभिभावकों में आक्रोश

# मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़, स्कूल की छुट्टी होते ही रेंगने लगता है ट्रैफिक, न बैरिकेडिंग न सुरक्षाकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

जैसे ही स्कूल की छुट्टी होती है, मुख्य सड़क पूरी तरह से खतरनाक चौक में तब्दील हो जाता है। हर तरफ दोपहिया वाहनों और पैदल चलते स्कूली बच्चों की भीड़ जमा है। सड़क पर वाहनों के बेतरतीब होने के कारण पैदल चल रहे नौनिहालों के लिए सुरक्षित निकलना दूभर हो जाता है।

■ सुरक्षा व्यवस्था शून्य, बच्चों की जान जोखिम में डालकर पार करनी पड़ रही सड़क

सैकड़ों बच्चे एक साथ सड़क पर आते हैं, जिससे यहां कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बचेली में अमूमन सभी निजी स्कूलों के सामने छुट्टी के समय यही मंजर रहता है। सबसे हैरान और परेशान करने वाली बात यह है कि इस भारी भीड़ और अफरा-तफरी के बीच न तो कहीं कोई यातायात पुलिसकर्मी दिखाई दे रहा है और न ही स्कूल प्रबंधन की तरफ से कोई सुरक्षा गार्ड तैनात है। वाहनों की गति को नियंत्रित करने या बच्चों को सुरक्षित रास्ता देने के लिए किसी भी प्रकार की बैरिकेडिंग की व्यवस्था नहीं की गई है। एक चिंतित अभिभावक ने बताया कि हर दिन छुट्टी के वक्त यही मंजर होता है। गाड़ियां बच्चों के बेहद करीब से गुजरती हैं। कोई भी बड़ा हादसा कभी भी हो सकता है, लेकिन प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। सड़क पर बने इस जाम और सुरक्षा की अनदेखी को लेकर अभिभावकों में रोष है। रोजाना अपने बच्चों को लेने आने वाले पालकों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन मोटी फीस तो वसूलता है, लेकिन छुट्टी के समय बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम है।

**छुट्टी के वक्त स्कूल के बाहर वाहनों का कतार**



### समाधान की जरूरत

*छुट्टी के समय स्कूल के ठीक बाहर अस्थाई बैरिकेडिंग लगाई जाए ताकि वाहनों की रफ्तार धीमी हो सके। स्कूल प्रबंधन और पुलिस प्रशासन मिलकर छुट्टी के वक्त ट्रैफिक संभालने के लिए गार्ड्स या पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाए। वन-वे या नो-एंट्री व्यवस्थाः भारी वाहनों के लिए स्कूल की छुट्टी के समय इस मार्ग पर प्रतिबंध लगाया जाए। स्कूलों में पढ़ने वाले नौनिहालों की सुरक्षा सर्वोपरि है। अगर समय रहते इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो लापरवाही की यह तस्वीर किसी दिन दुर्घटना का कारण बन सकती है। प्रशासन को इस ओर तुरंत ध्यान देने की सख्त जरूरत है।*

# हरीश के नेतृत्व में ग्रामीणों ने की विकास की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

ग्राम तुमलपाड़ के ग्रामीणों ने बिजली, पेयजल, सड़क एवं पीडीएस भवन जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी के नेतृत्व में जिला पंचायत के मुख्य

■ सीईओ ने अधिकारियों को जल्द निराकरण के दिए निर्देश

कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकुर से मुलाकात की। ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए आवश्यक सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने की मांग की।

सीईओ जिला पंचायत मुकुंद ठाकुर ने ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए मांगों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। सीईओ के सकारात्मक आश्वासन से ग्रामीणों में उत्साह और उम्मीद का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि तुमलपाड़ के ग्रामीण अपनी जायज मांगों को लेकर आए थे, जिनके समाधान के लिए जिला पंचायत सीईओ से चर्चा की गई है। उन्हें विश्वास है कि प्रशासन शीघ्र आवश्यक कदम उठाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेगा।

# एनएमडीसी डीएवी, आईटीआई भांसी के स्टाफ व छात्रों ने किया रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी के स्टाफ एवं प्रशिक्षुओं ने बुधवार को एनएमडीसी अपोलो अस्पताल बचेली में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

रक्तदान शिविर का संचालन एनएमडीसी अपोलो अस्पताल बचेली की चिकित्सकीय टीम द्वारा किया गया। रक्तदान से पूर्व सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया गया। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किए गए।

संस्था प्रबंधन ने रक्तदान करने वाले सभी स्टाफ, प्रशिक्षुओं एवं एनएमडीसी अपोलो अस्पताल की चिकित्सकीय टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनहित के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर एनएमडीसी बचेली परियोजना के उप-महाप्रबंधक (मा.सं.) सीएसआर जोसी थॉमस एवं संस्था के प्राचार्य कमलेश साहू भी उपस्थित रहे।

### मुक्तिधाम निर्माण कार्य को मिली स्वीकृति

**गीदम।** नगर पंचायत गीदम में प्रस्तावित विभिन्न मुक्तिधाम निर्माण एवं विकास कार्यों को लेकर लंबे समय से चल रही मांग को अब सफलता मिली है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता ने राज्य शहरी विकास अभिकरण, अटल नगर नया रायपुर को भेजे गए पत्र के बाद शासन स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए मुक्तिधाम योजना अंतर्गत प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी गई है।

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर छ.ग.
//शपथ-पत्र//
मैं फरीदा बेगम खान (FARIDA BEGAM KHAN), सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नि-हाजी गुलाम खान (HAJI GULAM KHAN), निवासी-एम.जी. वार्ड, टिकरापारा कांकेर, तहसील-कांकेर, जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.), 494334 एतद्द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करती हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करती हूँ :-
1. मैं एम.जी. वार्ड, टिकरापारा कांकेर, तहसील-कांकेर, जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.), 494334 की स्थायी निवासी हूँ।
2. मेरा पुराना नाम-नीरा बाई (NEERA BAI), है और मैं अपना नाम बदलकर फरीदा बेगम खान (FARIDA BEGAM KHAN), करवाना चाहती हूँ।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।
सत्यापन :-
मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूं कि कंडिका 01 से 05 तक में दिये गये कथन मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास से सही है जिसे मुकाम कांकेर में आज दिनांक 01.07.2026 को पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर सत्यापित कर दी हूं।
स्थान - कांकेर,
दिनांक -01.07.2026
शपथकर्ता/सत्यापनकर्ता
फरीदा

# वैदिक परंपरा से हुआ नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में बुधवार को प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, मां भारती

■ सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मना प्रवेश उत्सव

और श्री गणेश की पूजा-अर्चना, हवन, आरती, रामायण पाठ, भजन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी नवप्रवेशी एवं अध्ययनरत भैया-बहनों का आचार्य-दीदियों ने तिलक वंदन कर स्वागत-अभिनंदन किया। कार्यक्रम में अभिभावक और विद्यालय समिति के सदस्य भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूजा-पाठ, रामायण और बच्चों के स्वागत को देखकर अभिभावक भाव-विभोर हो गए। उन्होंने करतल ध्वनि से विद्यालय की इस परंपरा की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने बताया कि यह परंपरा विद्यालय की स्थापना 2 जुलाई 1987 से अनवरत चली आ रही है और आगे भी जारी रहेगी। हवन-पूजन और आरती के बाद सभी बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य जजमान के रूप में अभिभावक जेठू राम निषाद उपस्थित रहे। राघनी बुक डिपो के संचालक भूपेश साहू ने कक्षा अरुण से दशम तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को कप भेंट किए।

# आवेदनों का प्राथमिकता से करें शत-प्रतिशत निराकरण : कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने संयुक्त कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी बस्तर मुन्ने (अग्रणी बस्तर) अभियान की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत प्राप्त प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता के आधार पर शत-प्रतिशत, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कलेक्टर ने कहा कि बस्तर मुन्ने अभियान बस्तर संभाग के समग्र एवं समावेशी विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने, फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग और सतत अनुश्रवण करने के निर्देश दिए ताकि अभियान के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जा सके। इसके अलावा बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों, लंबित राजस्व प्रकरणों, स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री की घोषणाओं एवं निर्देशों के पालन, मानवाधिकार आयोग, उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों, व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र एफआरए, फौती नामांतरण तथा लंबित भूमि आबंटन प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**गीदम।** शासकीय माध्यमिक शाला सोनारपारा व प्राथमिक शाला महांगू पारा गीदम में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि दौलतराज सेन तथा विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक डीपी रवानी एवं रमेश तिवारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने न्योता भोज का आयोजन कराया। साथ ही नवप्रवेशी विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप स्कूली बैग वितरित किए। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों एवं गणवेश का वितरण किया तथा तिलक-चंदन लगाकर उनका स्वागत करते हुए शाला प्रवेश को आनंदमय बनाया गया।

# ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छत्तीसगढ़ सरकार ने व्यापारियों और उद्यमियों को बड़ी प्रशासनिक राहत देते हुए नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में संचालित 43 प्रकार के व्यवसायों के लिए ट्रेड लाइसेंस व्यापार अनुज्ञप्ति की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। राज्य सरकार ने इसके लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिका व्यापार अनुज्ञापन नियम 2025 में संशोधन किया है।

सरकार का कहना है कि जिन व्यवसायों के लिए पहले से अन्य विभागों के तहत आवश्यक पंजीयन या लाइसेंस की व्यवस्था है, उन्हें अब स्थानीय निकायों से अलग से ट्रेड लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि संबंधित व्यवसायों के लिए अन्य कानूनों के तहत आवश्यक अनुमति या पंजीयन पहले की तरह अनिवार्य रहेगा।

संशोधित नियमों के तहत होटल, लॉज, धर्मशाला, अस्पताल, क्लीनिक, मेडिकल स्टोर, रेस्टोरेंट, ढाबे, मिठाई दुकान, किराना दुकान, सुपरमार्केट, डेयरी उत्पाद विक्रेता, फल-सब्जी विक्रेता, ऑटो पार्ट्स, इलेक्ट्रिकल एवं हार्डवेयर दुकान, कंप्यूटर एवं मोबाइल शोरूम, औद्योगिक इकाइयों सहित कुल 43 श्रेणियों के व्यवसायों को ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता से राहत मिलेगी। इससे कारोबार शुरू करने में समय और कागजी प्रक्रिया दोनों में कमी आएगी।

### प्रक्रिया होगी आसान



कोन्टा नपं के पार्षद पी. विजय नायडु ने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद व्यापारियों को नगर निकायों से ट्रेड लाइसेंस के नवीनीकरण और उससे जुड़ी औपचारिकताओं से राहत मिलेगी।

### व्यापारियों को राहत मिलेगी



सुकमा नपा पार्षद कांता राठी ने कहा कि इससे व्यवसाय शुरू करने की प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध होने की उम्मीद है। पार्षद श्रीमति राठी ने कहा कि यह निर्णय सुकमा सहित प्रदेश में निवेश और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को बड़ी राहत प्रदान करेगा।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# जच्चा-बच्चा मौत की जांच रिपोर्ट का खुलासा नहीं, प्रसूति व सोनोग्राफी कक्ष सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

डेढ़ माह पहले प्रसूता और उसके नवजात शिशु की मौत से चर्चित हुए गौतम अस्पताल मामले में प्रशासन ने आखिरकार बड़ी कार्रवाई करते हुए अस्पताल के प्रसूति (लेबर) कक्ष और सोनोग्राफी कक्ष को सील कर दिया। हालांकि इस कार्रवाई के बाद भी सबसे बड़ा सवाल बरकरार है कि यदि विभागीय जांच पूरी हो चुकी है, तो उसकी रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक क्यों नहीं की गई? पीड़ित परिवार और क्षेत्रवासियों का कहना है कि केवल कमरे सील कर देने से न्याय नहीं मिलेगा, बल्कि दोष तय कर कानूनी कार्रवाई होना जरूरी है।

- पीड़ित परिवार ने दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की

खबर का असर

## पीड़ित परिवार ने कहा- विभाग जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करे

### कार्रवाई जारी रहेगी

सीएमएचओ डॉ. आरसी ठाकुर ने कहा कि इस मामले में जांच टीम से जाँच कराया गया। जाँच रिपोर्ट में मिले तथ्य के आधार पर प्रथम दृष्टया अस्पताल के प्रसूता कक्ष व सोनोग्राफी कक्ष को सील किया गया है। इसके अलावा जाँच में मिला है कि जिस सिस्टम में डिलवरी कराया जाना चाहिए था, वो नहीं हुआ है। संबंधितो को नोटिस जारी किया गया है, जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाही जारी रहेगी।



### मुआवजा नहीं, न्याय चाहिए

पीड़ित परिवार का स्पष्ट कहना है कि उन्हें मुआवजा नहीं, बल्कि न्याय चाहिए। उनका आरोप है कि विभागीय जांच लगभग एक माह पहले पूरी हो चुकी है, फिर भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जा रही। उनका कहना है कि यदि जांच में गंभीर अनियमितताएं नहीं मिलीं, तो अस्पताल के महत्वपूर्ण कक्षों को सील क्यों किया गया, और यदि मिली हैं तो दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने में देरी क्यों हो रही है।

गुरुवार 2 जुलाई को एसडीएम जीएम वाहिले, तहसीलदार कुलदीप ठाकुर, बीएमओ डॉ. सचिन्द्र गोटा, जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में अस्पताल के प्रसूति एवं सोनोग्राफी कक्ष को सील किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अस्पताल प्रबंधन को पहले ही नोटिस जारी कर नए प्रसूति मरीज भर्ती नहीं करने तथा भर्ती मरीजों को अन्य अस्पतालों में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए थे। नोटिस अवधि समाप्त होने के बाद यह कार्रवाई की गई। विदित हो यह मामला 18 मई को हुई उस दुखद घटना से जुड़ा है, जिसमें दुर्गुकोंदल ब्लॉक निवासी द्रौपदी कोमरा और उसके नवजात शिशु की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में करीब पांच घंटे तक इंतजार कराया गया और बार-बार आग्रह के बावजूद सिजेरियन ऑपरेशन नहीं किया गया।

## खबर संक्षेप

### तेंदूपत्ता भुगतान में देरी, ग्रामीण नाराज


दुर्गुकोंदलल। वनांचल क्षेत्र कोंडे में बुटा कटाई और कोंडे फड़ बी के तेंदूपत्ता संग्रहण का भुगतान लंबित होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। कई सप्ताह बीतने के बाद भी श्रमिकों के खातों में मेहनताना नहीं पहुंचा है, जिससे सैकड़ों वन आश्रित परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग और जिला प्रशासन से लंबित भुगतान तत्काल जारी करने तथा देरी के कारणों को सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि शीघ्र भुगतान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

### केवटी के प्रवेशोत्सव में नए छात्रों का स्वागत



भानुप्रतापपुर। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केवटी में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए गए। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को चावल, दाल, छोले की सब्जी, पूड़ी और अंडे की सब्जी परोसी गई। संचालन सुनील कुमार सोनी तथा आभार प्रदर्शन दीप्ती पंवार ने किया। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रविशंकर साहू, उपाध्यक्ष सविता सलाम, केआर खड़हे, वार्ड पंच मोहन सोनवानी, पालकगण एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से 120 की जांच



जगदलपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में सेक्टर करपावंड के संघकरमरी में जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. सीआर मैत्री के दिशानिर्देश पर एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में संघ करमरी ग्रामपंचायत भवन में 66 ग्रामीणों की पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से जांच, स्कूली छात्र छात्राओं 67 बच्चों की जांच की गई। इसमे एक्स-रे टेक्नीशियन मिनेश कुमार देशमुख, सीएचओ पदमनी कश्यप, पर्यवेक्षक दिनेश पराते, एसटीएस दिपेश्वर साहू, टीबी मित्र नकूल कोकडे, मितानीन मालती ठाकुर, दयमती कश्यप शामिल रहे।

## जल संरक्षण, कृषि अधोसंरचना और आजीविका संवर्धन के कार्यों को मिलेगा बढ़ावा

# बेवरती से वीबीजीरामजी योजना शुरू ग्रामों में विकास को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आजीविका और स्थायी विकास कार्यों को नई गति देने के उद्देश्य से विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (जी राम जी) योजना का जिले में शुभारंभ 2 जुलाई को ग्राम पंचायत बेवरती से किया गया। योजना के तहत अब ग्रामीण परिवारों को 100 के स्थान पर 125 दिनों का रोजगार, प्रतिदिन 300 रुपये मजदूरी, समय पर भुगतान तथा विलंब होने पर मुआवजे का प्रावधान किया गया है। पांच हितग्राहियों को आजीविका डबरी में खेती के लिए उड़द बीज का वितरण भी किया गया।

- ग्रामसभा के प्रस्तावों के आधार पर होंगे विकास कार्य

बेवरती में आयोजित जीरामजी योजना के शुभारंभ का आनलाईन शुभारंभ पंचायत मंत्री शिवराज सिंह ने किया और उन्होने उदबोधन करते हुए आमजनता को इस योजना में हुए बदलाव से अवगत कराया गया। स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-जी राम जी योजना ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना के तहत गांवों के विकास कार्य ग्राम सभाओं के प्रस्ताव के आधार पर पंचायतों के माध्यम से संचालित होंगे, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को अब समय पर मजदूरी का भुगतान होगा तथा जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।



### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष कांकेर पूर्णिमा कावड़े, जनपद पंचायत अध्यक्ष नरहरपुर सोमन सिंह कावड़े, महेश जैन, राजीव लोचन सिंह, टेकेश्वर जैन, दिलीप जायसवाल, नरहरपुर जनपद उपाध्यक्ष जनपद संजूगोपाल साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा जिला पंचायत के मुख्य सीईओ हरेश मंडावी, जनपद पंचायत कांकेर के सीईओ अश्विनी यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### योजना को अधिक प्रभावशाली बनाया गया

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में रोजगार गारंटी योजना को विकसित भारत-जी राम जी योजना के रूप में और अधिक प्रभावी बनाया गया है। अब केवल अस्थायी कार्यों तक सीमित न रहकर जल संरक्षण एवं संवर्धन, कृषि आधारित अधोसंरचना, आपदा प्रबंधन एवं बचाव, सामुदायिक परिसंपत्तियों तथा अन्य स्थायी विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जिला पंचायत की अध्यक्ष किरण नरेटी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

### योजना की तकनीकी जानकारी दी

कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने विकसित भारत–जी राम जी योजना के उद्देश्य, प्रमुख प्रावधानों एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ-साथ स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण और आजीविका को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। इस अवसर पर योजना के तहत पांच हितग्राहियों को फलदार पौधों के रोपण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति आदेश प्रदान किए गए, जिससे उन्हें आजीविका संवर्धन और आय बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

## भारतमाला सड़क निर्माण से बढ़ी छात्रों और किसानों की मुश्किलें



सरोना। भारतमाला सड़क परियोजना के निर्माण के बाद ग्राम मावलीपारा-बासनवाही के ग्रामीणों और किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। वर्षों से समाधान की मांग के बावजूद राहत नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविंद्र चौबे के कांकेर प्रवास के दौरान ज्ञापन सौंपकर मामले को विधानसभा में उठाने और शीघ्र समाधान कराने की मांग की।ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि विकासखंड नरहरपुर के ग्राम मावलीपारा में पिछले लगभग 20 वर्षों से हाई स्कूल संचालित है। भारतमाला सड़क निर्माण के दौरान विद्यालय के सामने से सड़क बनाई गई, जिससे स्कूल तक पहुंचने का पुराना मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। परियोजना में प्रस्तावित ओवरब्रिज का निर्माण नहीं होने से छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन व्यस्त सड़क पार कर विद्यालय जाना पड़ रहा है, जिससे उनकी सुरक्षा पर गंभीर खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार भारतमाला परियोजना कार्यालय, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। ज्ञापन में किसानों की समस्याओं का भी उल्लेख किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत मावलीपारा और मुसुरपुटा के अनेक किसानों के खेत सड़क के दोनों ओर स्थित हैं, लेकिन अंडरपास, सर्विस रोड या सुरक्षित क्रॉसिंग की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें खेती के कार्य के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। इससे समय और आर्थिक नुकसान दोनों हो रहे हैं।

## संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में 62 विद्यार्थियों का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला केवटीनटोला में गुरुवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। समारोह में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक तिलक-वंदन, पुष्पहार और मिष्ठान्न खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। शिक्षा के महत्व, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संकल्प के साथ आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पालकों और ग्रामीणों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति सजग रहकर कठिन परिश्रम करने की प्रेरणा दी।

उन्होंने पालकों से बच्चों को मोबाइल की अनावश्यक लत से दूर रखने, नियमित रूप से पालक-शिक्षक बैठकों में भाग लेने तथा बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर निरंतर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बेहतर मार्गदर्शन और सतत प्रयास से बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। इस अवसर पर पहली, छठवीं, नौवीं एवं ग्यारहवीं कक्षा में नवप्रवेशित कुल 62 छात्र-छात्राओं का पुष्पहार पहनाकर, तिलक लगाकर एवं मिष्ठान्न खिलाकर स्वागत किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ न्यौता भोज में शामिल होकर आत्मीयता का परिचय दिया। संकुल प्राचार्य प्रहलाद प्रधान ने /"एक टीम, एक लक्ष्य, उत्कृष्ट विद्यालय एवं 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम/" के संकल्प को दोहराते हुए सभी शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए प्रतिबद्ध रहने की शपथ दिलाई। विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, जनपद उपाध्यक्ष तारिणी ठाकुर, सरपंच सरिता ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष ढाकेश साहू, ग्राम पटेल अमर सिंह बढ़ाई तथा पुनीत चालकी रहे।

कार्यक्रम के दौरान जनपद सदस्य ओमेश साहू के अनुरोध पर मुख्य अतिथि तारा ठाकुर ने ग्राम केवटीनटोला में मुक्तिधाम निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। इस घोषणा का उपस्थित ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर जितेन्द्र सलाम, आत्माराम नाग, होमेन्द्र साहू, केशव धनेलिया, भुनेश्वर पोटाई, उपेश्वर ठाकुर, आशाराम कोरेटी, लुकेश्वरी ठाकुर किशोर सिन्हा, चंद्रिका साहू, दानेश्वर साहू सहित संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपेश्वर ठाकुर तथा आभार होमेन्द्र साहू ने किया ।

## ताड़वायली के शिक्षा उत्सव में नए विद्यार्थियों के चेहरे पर दिखी खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छोटेकापसी



विकासखंड कोयलीबेड़ा के अंदरूनी क्षेत्र ग्राम ताड़वायली में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत उत्साह, उल्लास और जनभागीदारी के साथ हुई। शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में अंतागढ़ क्षेत्रीय विधायक विक्रम देव उसेंडी ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें पुस्तक, गणवेश और मिठाई वितरित कर शिक्षा के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय में तीन लाख रुपये की लागत से निर्मित तार जाली फेंसिंग का लोकार्पण भी किया गया। पखांजुर तहसील मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित ताड़वायली गांव में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विधायक विक्रम देव उसेंडी ने कक्षा पहली में नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया, उन्हें पाठ्यपुस्तकें, गणवेश और मिठाई वितरित की तथा विद्यालय के दाखिला पंजी में उनके नाम दर्ज कराए। विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। विद्यालय परिसर में शिक्षकों द्वारा विकसित हरियाली, बागवानी और सौंदर्यीकरण की सराहना करते हुए उन्होंने इसे अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणादायक बताया। साथ ही ग्राम पंचायत के लिए विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देने की भी घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक विक्रम उसेंडी, जिला पंचायत सदस्य सुनीता मंडल एवं अन्य अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। विधायक ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

- अतिसंवेदनशील रहे गांव में विधायक को देख ग्रामीणों ने जताई खुशी

इस अवसर पर सरपंच सोमजी कतलाम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका साहा, जिला पंचायत सदस्य सुनीता मंडल, पूर्व मंडल अध्यक्ष रतन हालदार, बीईओ देवकुमार सील, संकुल प्रभारी प्राचार्य चंद्र किशोर साहू सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, विद्यार्थी, पालक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विवाह में प्री-वेडिंग शूट पर रोक लगाकर नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही।

बदलते सामाजिक परिवेश में बढ़ते दिखावे और विवाह समारोहों में अनावश्यक खर्च पर अंकुश लगाने की दिशा में ग्रामीण साहू समाज छापरपारा ने एक महत्वपूर्ण और अनुकरणीय पहल की है। समाज की संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब समाज के सदस्य विवाह समारोहों में प्री-वेडिंग शूटिंग नहीं कराएंगे। इसके साथ ही समाज को नशामुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लेते हुए युवाओं को संस्कार, सादगी और सामाजिक जिम्मेदारी के मार्ग पर आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।

ग्रामीण साहू समाज छापरपारा के मुख्य प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक अध्यक्ष चन्द्रभान साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विवाह समारोहों में बढ़ती फिजूलखर्ची और दिखावे की प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्री-वेडिंग शूटिंग जैसी आधुनिक परंपराएं सामाजिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती हैं, जिससे अनेक परिवार आर्थिक दबाव का सामना करने को विवश हो जाते हैं। समाज की परंपराओं, सादगी और सांस्कृतिक मूल्यों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समाज के सदस्य विवाह में प्री-वेडिंग शूटिंग नहीं कराएंगे। बैठक में समाज में बढ़ती नशाखोरी पर भी गहन चर्चा हुई।

- ग्रामीण साहू समाज की बैठक में लिया गया बड़ा फैसला

सदस्यों ने इसे परिवार और समाज दोनों के लिए गंभीर खतरा बताते हुए प्रत्येक घर तक जागरूकता पहुंचाने, युवाओं को नशे से दूर रखने तथा सामाजिक आयोजनों में नशे के सेवन का विरोध करने का संकल्प लिया। समाजजनों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का भी संकल्प दोहराया। ग्रामीण अध्यक्ष चन्द्रभान साहू ने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति सादगीपूर्ण जीवन, अच्छे संस्कार और आपसी एकता में निहित है। उन्होंने सभी समाजजनों से पारित प्रस्तावों का पालन करने और आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ सामाजिक वातावरण देने में सहयोग की अपील की। बैठक के अंत में सभी ने समाज सुधार, नशामुक्ति, सादगीपूर्ण विवाह और सामाजिक एकता के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया।



### बैठक में यह रहे उपस्थित

बैठक में सचिव राकेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष ठाकुर राम साहू, उपाध्यक्ष घासुराम साहू, परिक्षेत्रीय साहू समाज मावलीपारा के सचिव लोकनाथ साहू सहित तुलेश्वर साहू, प्रेमलाल साहू, गुलशन साहू, लोमस साहू, रामदेव साहू, बहुर साहू, अमृत साहू, कृष्णा साहू, दीपचंद साहू, भगवती साहू, मालती साहू, चित्ररेखा साहू, कीर्ति साहू, रुखमनी साहू, लिखन साहू, पुनीता साहू, कौशिल्या साहू, परमेश्वरी साहू, कुंती साहू तथा मुख्य एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत, तिलक लगाकर की आरती

अंतागढ़। अंतागढ़ में गुरुवार को सेंट मैरी स्कूल में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। विद्यालय पहुंचने पर बच्चों का आरती एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनूप नाग ने विद्यालय को एक पौधा भेंटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा विद्यार्थियों को जीवन में शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के महत्व पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। प्राचार्य फादर वर्गीस ने भी बच्चों को मेहनत, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने भी पौधारोपण कर सभी से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में बनाए गए आकर्षक सेल्फी कॉर्नर पर स्मृति स्वरूप तस्वीरें खिंचवाईं तथा समूह फोटो भी लिए गए।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ग्रेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## केवटी के प्रवेशोत्सव में नए छात्रों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केवटी में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए गए। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को चावल, दाल, छोले की सब्जी, पूड़ी और अंडे की सब्जी परोसी गई।

संचालन सुनील कुमार सोनी तथा आभार प्रदर्शन दीप्ती पंवार ने किया। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रविशंकर साहू, उपाध्यक्ष सविता सलाम, केआर खड़हे, वार्ड पंच मोहन सोनवानी, पालकगण एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



